डब्ल्यूआईटी में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग की 60 सीटें बढ़ेंगी

देहरादून। प्रदेश का एक मात्र महिला इंजीनियरिंग कॉलेज डब्ल्यूआईटी (वूमेन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी) अब वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) का कैंपस संस्थान बन चुका है। संस्थान में अब कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग में 60 सीटें बढ़ाकर 120 किए जाने की तैयारी है। इसके अलावा कॉलेज में एनसीसी यूनिट भी स्थापित की जाएगी। यूटीयू के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने कैंपस कॉलेज में छात्राओं से संवाद किया। इस दौरान ऑनलाइन परीक्षा प्रणाली, उत्तर पुस्तिकाओं की मूल्यांकन प्रक्रिया आदि पर चर्चा हुई। छात्राओं ने खामियां भी गिनाईं। मा.सि.रि.